अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2017
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** पुरस्कार कहानी के लेखक है- **(1)**

(A) प्रेमचन्द्र (B) महादेवी वर्मा

(C) जयशंकर प्रसाद (D) बालकृष्ण भट्ट

**2.** 'प्रत्युपकार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्गों की संख्या है- **(1)**

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) एक

**3.** 'रेखांकित' शब्द में प्रयुक्त समास है- **(1)**

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरूष

(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

**4.** 'शताब्दी एक्सप्रेस के समय पर पहुँचने की संभावना है।' वाक्य किस प्रकार का वाक्य है- **(1)**

(A) संकेतवाचक (B) विस्मयवाचक

(C) संदेहवाचक (D) विधानवाचक

**5.** शुद्ध वर्तनी वाले शब्दों का चयन करे- **(1)**

(A) उपरियुक्त (B) उपर्युक्त

(C) उपरोक्त (D) ऊपरोक्त

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'फटी न जाके पाँव बिवाई सो का जाने पीर पराई' कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**7.** अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। **(1)**

**8.** आकर्षण, कृतज्ञ, जाग्रत व मुक्ति शब्दों के विलोम लिखिए। **(1)**

**9.** 'जो अपने से उत्पन्न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए। **(1)**

**10.** 'क्ष' संयुक्त वर्ण किन दो वर्षों से मिलकर बना है? **(1)**

**11.** पारलौकिक शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** भाषा शिक्षण के कौन-कौन से कौशल है? किन्हीं दो कौशलों के उद्देश्यों को लिखिए। **(2)**

**13.** भाषा शिक्षण में वाचन के महत्व को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**14.** 'कक्षा में बच्चों के बैठने की व्यवस्था' को ठीक करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक पत्र लिखिए। **(2)**

**15.** यथाविधि, त्रिफला, शीतोष्ण व चक्रधर शब्दों में समास विग्रह करते हुए प्रयुक्त समासों के नाम लिखिए **(2)**

**16.** कविता शिक्षण पर कक्षा-6 के लिए एक संक्षिप्त पाठ-योजना बनाइए। **(2)**

**17.** 'पुनर्बलन' शब्द से क्या अभिप्राय है? सोदाहरण लिखिए। **(2)**

**18.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए- (1) पुस्तक समर्पण की। (2) उनका रहन-सहन का दर्जा ऊँचा है। (3) सभा में विरोध प्रकट किया गया। (4) मेरे को बाजार जाना है। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/hindi/2017

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN